Tea Farming: 3-4 करोड़ किलो घट सकता है भारतीय चाय का निर्यात, केन्या और श्रीलंका ने भी डाला असर

TV9 Hindi | Publish Date – 6:32 am, Mon, 12 July 21Edited By: रोहित ओझा

केन्या की चाय 1.8 अमेरिका डॉलर में उपलब्ध है जो औसतन 130-135 रुपये किलो पड़ती है. वहीं, भारतीय चाय का औसत दाम 200 से 210 रुपये प्रति किलो के करीब है.

Tea Farming in India: करीब डेढ़ साल से दुनियाभर के देश कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं. कोरोना की पहली और दूसरी लहर के कारण भारत, अमेरिका, ब्रिटेन समेत लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है. हर तरह के उद्योग-धंधों पर महामारी का असर पड़ा है. चाय उद्योग पर भी इस महामारी का व्यापक असर पड़ा है.

निर्यात में सुस्ती का सामना कर रहे भारतीय चाय उद्योग का निर्यात 2021 में तीन से चार करोड़ किलो घट सकता है. इसका मुख्य कारण वैश्विक बाजारों में कम लागत वाली चाय के किस्मों की उपलब्धता और मजबूत आयातक रहे देशों में व्यापार पर जारी प्रतिबंध है. इससे चाय उत्पादक किसानों पर भी बुरा असर पड़ने वाला है. बता दें कि चाय बोर्ड द्वारा प्रकाशित 2018 'चाय की घरेलू खपत पर अध्ययन के कार्यकारी सारांश' के अनुसार भारत में उत्पादित चाय का लगभग 80 प्रतिशत घरेलू खपत के लिए बेचा जाता है.

जनवरी से मार्च के बीच काफी कम हुआ निर्यात

चाय उद्योग से जुड़े सूत्रों ने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से विश्व के ज्यादातर देशों में आर्थिक मंदी होने की वजह से निर्यात पर असर पड़ा है. चाय बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च, 2021 में चाय का निर्यात जनवरी-मार्च, 2020 की तुलना में 13.23 प्रतिशत और 2019 की इसी अवधि के मुकाबले 29.03 प्रतिशत कम रहा.

बॉर्ड ने कहा कि 2021 के पहले तीन महीनों में भारतीय चाय का निर्यात कुल मिलाकर 4.86 करोड़ किलोग्राम रहा. जो वर्ष 2020 की इसी अवधि में 5.85 करोड़ किलो और 2019 में 6.62 करोड़ किलो था. वहीं पिछले तीन वर्षों के दौरान दक्षिण भारत के मुकाबले उत्तर भारत के राज्यों का चाय निर्यात अधिक अनुपात में घटा.

केन्या की चाय सस्ती होना भी बड़ी वजह

बोर्ड के अनुसार जनवरी-अप्रैल, 2021 के दौरान उत्तर भारतीय राज्यों का निर्यात इससे पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 17.83 प्रतिशत और 2019 की समान अवधि की तुलना में 31.04 प्रतिशत गिर गया. गुवाहाटी टी ऑक्शन बायर्स एसोसिएशन के सचिव दिनेश बिहानी ने कहा, 'केन्या द्वारा नीलाम की जाने वाली चाय का दाम दो अमेरिकी डॉलर प्रति किलो से कम है जो हमारे यहां की नीलामी के औसत भाव से भी कम है.'

उन्होंने कहा कि केन्या की चाय 1.8 अमेरिका डॉलर में उपलब्ध है जो औसतन 130-135 रुपये किलो पड़ती है. वहीं, भारतीय चाय का औसत दाम 200 से 210 रुपये प्रति किलो के करीब है. एक अन्य चाय उद्योग फर्म के मुताबिक, केन्या और श्रीलंका में घरेलू चाय खपत की मांग बहुत कम है, जिससे उनके पास निर्यात के लिए अधिक चाय उपलब्ध है. वहीं, भारत में चाय की घरेलू खपत कुल उत्पादन का 80 फीसदी है.

https://www.tv9hindi.com/agriculture/tea-farming-news-indian-tea-exports-likely-to-fall-nearly-15-percent-in-2021-kenya-tea-are-easily-available-in-us-at-cheapest-rate-732002.html